# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-2

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**मंगलवार, दिनांक 8 फरवरी, 2005 (माघ 19, 1926)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिंह राव, पूर्व राज्यपाल बिहार एवं अरूणाचल प्रदेश श्री विनोदचंद्र पाण्डेय, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री जे.एन. दीक्षित, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा श्री देवीलाल रेकवाल तथा श्री महेन्द्र कुमार मानव एवं देश में हुई विभिन्न आपदाओं में मृत व्यक्तियों के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.गौरीशंकर शेजवार, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण डॉ. सुनीलम्, श्री रामलखन शर्मा, श्री मनमोहन शाह "*बट्टी*" *ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये।*

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.00 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 9 फरवरी, 2005 (माघ 20, 1926) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

डॉ. ए.के.पयासी<br>
प्रमुख सचिव,<br>
मध्यप्रदेश विधान सभा.